Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to Civil Aviation Minister to start a flight in morning and evening from Bhavnagar to Mumbai on regular basis.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): सभापति महोदय, भावनगर से मुम्बई जाने के लिए एक शाम की फ्लाइट है जो कभी भी रेगुलर नहीं आती है । हम भावनगर वासी मुम्बई के साथ आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक और शैक्षणिक तौर पर जुड़े हुए हैं, इसीलिए सैकड़ों की संख्या में लोग रोज मुम्बई आते-जाते रहते हैं । हमारे यहां दुनिया का सबसे बड़ा शिप ब्रेकिंग यार्ड अलंग में है, पास में पिपावाव पोर्ट है, वेलावदार में ब्लैक बग का नेशनल अभयारण्य है, पालिताना में जैन का विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल है और बगडाना में निष्कलंक और बजरंगदास बापा के धाम हैं । ये सारे ऐसे स्थल ऐसे हैं, जहां देश-विदेश से लोग आते रहते हैं । मैं बहुत समय से मांग कर रही हूं कि एक भावनगर से मुम्बई तक प्रातःकालीन एक फ्लाइट चलाइ जाए । मैं आपके माध्यम से माननीय सिविल एविएशन मिनिस्टर से आग्रह करती हूं कि भावनगर से मुम्बई के लिए सुबह की फ्लाइट चलाई जाए और शाम की फ्लाइट को रेगुलर टाइम पर चलाया जाए । धन्यवाद ।